आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान विभाग द्वारा सम्पादित गतिविधियां

बिन्दु संख्या 1:

कम सं0	माह	आयोजित गतिविधियां
1	फरवरी 2022	विभाग के छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में आवासित बालक/बालिकाओं के समक्ष देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका पर चर्चा कर देश को आजाद कराने में उनके अमूल्य योगदान के बारे में सामान्य समझ पैदा की गई।
2	मार्च 2022	माह के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों में प्रथम सवतन्त्रता संग्राम के बारे में छात्रों को पूर्ण जानकारी देने का प्रयास किया गया। यह भी बताया गया कि आन्दोलन के क्या कारण रहे, कैसे प्रारंभ हुआ तथा देश पर इस आन्दोलन के क्या दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक प्रभाव पड़े।
3	अप्रैल 2022	माह के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों में डा0 भीमराव अम्बेडकर के जीवन एवं संविधान निर्माण में बाबा साहेब के अमुल्य योगदान के बारे में चर्चा की गई सामाजिक भेदभाव का दूर करने के उनके विचारों एवं प्रयासों से छात्र–छात्राओं को अवगत कराया गया। अम्बेडकर जयंती पर दिनांक 14 अप्रेल को उत्सव मनाया गया ।
4	मई 2022	माह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में देश की आजादी के संबंध में विभागीय संस्थाओ, वृद्घाश्रमों में स्वतन्त्रता सेनानियों की जीवनी मुख्य रूप से डॉ0 विजय लक्ष्मी पंडित, सरोजिनी नायडू इंदिरा गांधी बहन निवेदिता डॉ0 ऐनीबेसेन्ट के जीवन पर चर्चा कर उनके योगदान को स्मरण किया गया एवं छात्रों को उनकी जीवनी के बारे में अवगत कराया गया।
5	जून 2022	माह के अन्तर्गत विश्व योग दिवस पर दिनांक 21 जून 2022 को विभाग की संस्थाओं में आवासितों को योग कराया गया एवं योग के लाभों से अवगत कराया जाकर महिलाओं, बच्चों एवं सभी के लिए सुलभ योगासनों का प्रदर्शन किया गया।

बिन्दु संख्या 2 : पोर्टल पर अपलोड करवाये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

बिन्दु संख्या 3

"हर घर तिरंगा अभियान"

दिनांक 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में समस्त जिलाधिकारियों, बाल अधिकारिता विभाग, विशेष योग्यजन विभाग, अनुजा निगम एवं समस्त प्रभारी अधिकारी/कर्मचारियों को विभागीय पत्रांक 49581–99 दिनांक 3.8.2022 द्वारा आदेशित कर दिया गया है, जिसकी प्रति संलग्न है।